डा0 एपी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0/अधि0 छात्र क0/2024/329 दिनांकः 29-11-2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ
से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः–राजभवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में अन्य राज्यों के स्थापना दिवस मनाये जाने हेतु सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, श्री राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः जी–5543/सा–2–55/जी0एस0 दिनांक 25 नवम्बर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। (पत्र संलग्न) उक्त पत्र के माध्यम से गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देशों के अधीन समस्त राज्यों के राजभवन में पत्र में उल्लिखित अन्य राज्यों के स्थापना दिवस मनाये जाने हेतु स्थापना दिवसों से तिथिवार कार्यक्रम से संबंधित आयोजन में प्रतिभाग किये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि राजभवन, लखनऊ के उपर्युक्त पत्र में उल्लिखित राज्यों एवं उनसे संबंधित कार्यक्रम की तिथियों में प्रतिभाग किये जाने हेतु संस्थान में अध्ययनरत छात्र–छात्राएं एवं अध्यापकगण की सूची (पता एवं मोबाइल नं0 सहित) प्रदेशवार अलग–अलग बनाकर विश्वविद्यालय को ई–मेल dean.sw@aktu.ac.in पर यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि उपरोक्त आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु वांछित सूचना विशेष सचिव, श्री राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ को यथासमय प्रेषित की जा सके।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय

(रीना सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन सं0 व दिनांकः–उपरोक्त
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. समस्त अधिष्ठाता/जन सम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0
लखनऊ।

पत्रांक जी–5543 /सा–2–55/जी0एस0
दिनांक 25 नवम्बर 2024

प्रेषक,

विशेष सचिव, श्री राज्यपाल,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
1. संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
2. डा0 शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. अटल बिहार बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
5. किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8. डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।
9. भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ।
10. डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ।
11. डा0 राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ।

Registrar
28/11

974
26/11/24

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि गृहमंत्रालय, भारत सरकार से देश के समस्त राज्यों के राजभवन में भारत गणराज्य के सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मनाये जाने के संबंध में प्राप्त निर्देशों के अन्तर्गत निम्नलिखित राज्यों के स्थापना दिवस राजभवन, लखनऊ में मनाया जाना है–

कमांक	कार्यकम आयोजन की तिथि	राज्य का नाम
1.	01 दिसम्बर, 2024	नागालैण्ड
2.	02 दिसम्बर, 2024	आसाम
3.	05 दिसम्बर, 2024	उत्तराखण्ड
4.	06 दिसम्बर, 2024	गुजरात

अतः आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके विश्वविद्यालय/संस्थान में उपरोक्त राज्यो के अध्यनरत छात्र–छात्राएं एवं अध्यापकगण की सूची(पता एवं मोबाइल नं0 सहित) प्रदेशवार अलग–अलग बनाकर शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि उपरोक्त आयोजित होने वाले कार्यकम में सम्मिलित होने हेतु उन्हें यथासमय सूचित किया जा सकें।

भवदीय,
25.11.24
(श्रीप्रकाश गुप्ता)
विशेष सचिव श्री राज्यपाल, उ0प्र0।

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल के निजी सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– उप सचिव, शिक्षा अनुभाग, राजभवन को इस आशय से प्रेषित कि वह उपरोक्त विश्वविद्यालयों के कुलपति/कुलसचिव से समन्वय स्थापित कर संबधित राज्य के निवासितों की सूची तथा नोडल अधिकारी का नाम ज्ञात करने के साथ संबंधित विश्वविद्यालयों अधिकारी/अध्यापक/छात्र/छात्राओ को कार्यकम प्रारम्भ होने से 15 मिनट पूर्व कार्यकम स्थल पर उपस्थित होने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

3895
28/11/24

(श्रीप्रकाश गुप्ता)
विशेष सचिव श्री राज्यपाल, उ0प्र0।